तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 20 मई 2026


11 डिब्बे-जेरीकैन में डीजल बंद होने से चरमराई खेती, पंपों...



12 कांग्रेसियों ने पेट्रोल पंप के सामने किया उग्र प्रदर्शन





## खबर संक्षेप

### लचकेरा बाजार में होटल के गैस सिलेंडर में भड़की आग



**फिंगेश्वर।** ग्राम लचकेरा के बाजार हाट के दिन संध्या 4 बजे होटल दूकान के उपयोग में लाए गैस सिलेंडर में अचानक आग पकड़ लिया। 42 डिग्री टेंप्रेचर होने के कारण धूप में रखे सिलेंडर में लगे आग विकराल होने लगा तो अग्निशमन यंत्र का उपयोग करके आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग के बुझ जाने से बाजार मे एक बड़ी घटना घटित होने से रह गया। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में कहीं भी आग लगने की घटना हो सकती है इसलिए किसी भी मशीन जो बिजली से चलती है उसे बीच बीच में आराम देवे एवं सतर्क रहकर उपयोग करे। बिजली खंबे में लगने वाले केबल वायर भी भीषण गर्मी में धूप मे पिघल रही है।

### बच्चों को दौड़ और योगाभ्यास का मिल रहा नियमित प्रशिक्षण



**सुरसाबांधा।** क्षेत्र की तारा एथलेटिक अकैडमी में प्रतिदिन बच्चों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। अकैडमी द्वारा दिए जा रहे निशुल्क प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे नियमित रूप से पहुंच रहे हैं। खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और अनुशासित प्रशिक्षण व्यवस्था के कारण ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी एथलेटिक्स के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है। अकादमी में प्रतिदिन दौड़, फिटनेस, योगाभ्यास एवं विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे पूरे उत्साह और मेहनत के साथ अभ्यास कर रहे हैं। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निशुल्क प्रशिक्षण से बच्चों को बेहतर मंच मिल रहा है तथा वे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। अकादमी से जुड़े युवाओं ने बताया कि आने वाले समय में और अधिक बच्चों को जोड़कर खेल प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी बातों को लेकर महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पदरडीह निवासी दिव्या यादव ने बताया कि 18 मई की रात 8.30 बजे उसकी मां शत्रुघन यादव के घर पास में बैठी थी, इसी दौरान शराब के नशे में चंद्रमणि साव पुरानी बातों को लेकर उसकी मां को देखकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने देकर अपनी पत्नी पार्वती साव के साथ एक राय होकर हाथ मुक्का एवं डंडे से उसकी मां पुष्पा बारीक से मारपीट करने लगे। आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम हेडसपाली में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेडसपाली के नागेश्वर साहू (21 साल) ने बताया कि 17 मई को लगभग 7.30 बजे घर का काम करने के बाद घूमने के लिए गांव बस्ती की ओर गया था। वापस आने के दौरान जब वह रवि अजय के घर के सामने पहुंचा तब रवि ने उसे देखकर रंजिशवश गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर लकड़ी का डंडे से मारने लगा। आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# मुड़तराई के वार्ड 18 में भीषण पेयजल संकट, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

## नलों में नहीं पहुंच रहा पानी, दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर महिलाएं और बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

भीषण गर्मी के बीच जेंजरा के आश्रित ग्राम मुड़तराई के वार्ड क्रमांक 18 में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार और घर-घर नल कनेक्शन होने के बावजूद ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

स्थिति ऐसी है कि आधी बस्ती के नलों में बूंद तक पानी नहीं पहुंच रहा, जबकि जिन इलाकों में पानी आ भी रहा है वहां धार इतनी पतली है कि एक बाल्टी भरने में 15 से 20 मिनट का समय लग जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन मात्र लगभग एक घंटे ही पानी की सप्लाई होती है, वह भी बेहद कम दबाव के साथ। इससे पीने के पानी के अलावा निस्तारी, शौचालय और गर्मी में जरूरी उपयोग के लिए भी लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग दूर-दूर से साइकिल एवं अन्य साधनों के जरिए पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीण रोमन वर्मा, ललित वर्मा, पंच बाई साहू, रामती साहू, कामती ध्रुव, रुक्मणि ध्रुव, शांति बाई ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, बैसाखिन वर्मा, दनेश्वरी ध्रुव, चंद्रिका ध्रुव, मुन्नी वर्मा और रामशिला ध्रुव सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव में पेयजल योजना केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। विभाग द्वारा टंकी और पाइपलाइन बिछाकर जिम्मेदारी पूरी मान ली गई, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।



### शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में पानी की मांग सबसे अधिक रहती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि समस्या की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मांग की है कि वार्ड 18 की पेयजल व्यवस्था का तत्काल निरीक्षण कर नियमित और पर्याप्त पानी सप्लाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही खराब पाइपलाइन, कम दबाव और सप्लाई समय की समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

## विरोध : वैश्विक युद्ध और नई नीति के बीच खाद संकट की आशंका, किसान डूबे चिंता में

# खरीफ से पहले खाद की किल्लत की चिंता, एक एकड़ में सिर्फ एक बोरी पर किसानों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में रासायनिक खाद को लेकर चिंता गहराने लगी है। रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान संकट, गैस की बढ़ती कीमतों और वैश्विक सप्लाई चेन की बाधाओं का असर अब कृषि क्षेत्र पर साफ दिखाई देने लगा है। खासकर धान उत्पादक किसानों के बीच खाद की उपलब्धता और सरकार की नई वितरण नीति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

धान की अच्छी पैदावार के लिए किसान मुख्य रूप से नाइट्रोजन के लिए यूरिया और फास्फोरस के लिए डीएपी खाद का उपयोग करते हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) ने इस वर्ष प्रति एकड़ 25 किलो नाइट्रोजन, 12 किलो फास्फोरस और 6 किलो पोटाश देने की अनुशंसा की है। इसके अनुसार एक एकड़ खेत के लिए लगभग 45 किलो यूरिया, 25 किलो डीएपी और 10 किलो पोटाश की जरूरत होगी। कृषि विभाग ने इसके विकल्प के तौर पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी ▶▶|शेष पेज 10 पर





### नई खाद नीति पर सियासत तेज

प्रदेश सरकार की नई खाद वितरण नीति को लेकर कांग्रेस और किसान संगठनों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने बीते दिनों गरियाबंद प्रवास के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नई व्यवस्था को तत्काल निरस्त कर पुरानी प्रणाली बहाल करने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि पहले किसानों को प्रति एकड़ दो बोरी डीएपी और दो से तीन बोरी यूरिया मिलती थी, लेकिन अब इसे घटाकर एक-एक बोरी कर दिया गया है। उनका कहना है कि इससे किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पाएगी और धान उत्पादन प्रभावित होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार उत्पादन सीमित कर भविष्य में धान खरीदी की जिम्मेदारी कम करना चाहती है। किसानों का कहना है कि नई व्यवस्था किसानों के लिए जटिल और असुविधाजनक है। किसान नेता रामलाल साहू ने कहा कि अब खाद लेने के लिए पहले टोकन लेना पड़ रहा है और निर्धारित सीमा से अधिक खाद नहीं मिल रही। किसानों का कहना है कि एक एकड़ खेत में एक बोरी यूरिया और एक बोरी डीएपी पर्याप्त नहीं है। जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिलने से उत्पादन में गिरावट आ सकती है। कई किसानों ने पुरानी खाद वितरण व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### समितियों में पर्याप्त खाद

उप संचालक कृषि चंदन राय ने बताया कि सभी समितियों में किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध है। किसानों को उनके पंजीकृत रकबे के अनुसार खाद दिया जाएगा। तय सीमा से अधिक वितरण करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लघु और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# गबन की राशि न लौटाने वाले 11 पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्र के 11 पंचायतों के पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर की ओर से 30 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया है, जिससे हड़कंप मच गया है। यह आदेश उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान शासकीय राशि का गबन और उस राशि को राजकोष में जमा करने के आदेश का उल्लंघन करने पर जारी किया गया है। 30 दिनों का जेल भेजने का आदेश जारी किए जाने के पहले उन सभी पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर की ओर से मांग नोटिस जारी करने के साथ ही उनकी चल/अचल संपति जब्त करने की कार्रवाई भी गई थी, लेकिन इसके बावजूद संबंधित राशि चुकाने के लिए पर्याप्त साधन होने के बाद भी संबंधित पूर्व सरपंचों द्वारा गबन की गई शासकीय राशि जमा करने में हीलाहवाली किया जा रहा था।

**इन पूर्व सरपंचों के खिलाफ जारी किया गया आदेश-** जिन पूर्व सरपंचों के विरुद्ध इस आशय का आदेश जारी किया गया है उनमें सेवाराम यादव (पूर्व सरपंच घोंठ ) 1 लाख 96 हजार रुपए, गोपाल ध्रुव (पूर्व सरपंच कुरु) 80 हजार रुपए, गोपेश ध्रुव (पूर्व सरपंच आलेखुंटा) 50 हजार रुपए, तुलसीराम बारले (पूर्व सरपंच खोला) 20 हजार 927 रूपए, रामेश्वर प्रसाद डहरिया (पूर्व सरपंच परसुलीडीह) 5 लाख 90 हजार 387 रुपए, थनवार बारले (पूर्व सरपंच पचेड़ा) 3 लाख 80 हजार रुपए, सावित्री यादव (पूर्व सरपंच गोतियारडीह) 2 लाख 47 हजार 34 रुपए, धर्मेंद्र यदु (पूर्व सरपंच ▶▶|शेष पेज 10 पर

### नोटिस का नहीं दिया जवाब

इतना ही नहीं एसडीएम न्यायालय द्वारा सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उन्हें उनके कृत्य के लिए क्यों न जेल भेजा जाए ? भी पूछा गया था, लेकिन किसी भी पूर्व सरपंच ने नोटिस का संतोषजनक और वैधानिक उत्तर नहीं दिया। आखिरकार 18 मई को एसडीएम न्यायालय द्वारा सभी को 30 दिन या फिर जब तक वे संबंधित राशि जमा नहीं कर देते हैं, तब तक सिविल जेल भेजने का आदेश जारी कर दिया गया। आदेश की तामिली करते हुए संबंधित पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का पत्र संबंधित थाना प्रभारी को प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही केंद्रीय जेल रायपुर के अधीक्षक को भी इस आशय का पत्र भेजा गया है ।

# कलेक्टर के आश्वासन के बाद इंदागांव के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इंदागांव के ग्रामीणो ने मूलभूत बुनियादी सुविधाओ की मांग को लेकर 21 मई को नेशनल हाइवे 130 सी मे चक्काजाम करने का ऐलान किया गया था जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को इंदागांव के सरपंच वरिष्ठजनों एवं ग्रामीणों के साथ गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डहरे एवं जिले के अन्य अफसरो की उपस्थिति में इंदागांव के लोगों की बैठक लेकर उन्हे उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम स्थगित कर दिया है। ग्राम पंचायत इंदागांव के सरपंच गुरूवारी बाई ध्रुव, उपसरपंच कांती बस्तिया, केशरी सिंह ध्रुव, रूपेश मसीह, रमेश प्रधान, लोखूलाल बस्तिया, नन्हे सिंह यादव, राजकुमार काश्यप, मानसिंह बस्तिया, नरसिंग ध्रुव, हेमराज पाथर ने बताया की कलेक्टर साहब द्वारा आगामी 21 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया है साथ ही उपतहसील सप्ताह मे दो दिन बुधवार और गुरूवार को तहसीलदार बैठकर समस्या सुनेंगे इसके अलावा ग्राम पंचायत इंदागांव की समस्त जनता की मांग को लेकर स्वास्थ्य, सड़क, बैंकिंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों ▶▶|शेष पेज 10 पर



### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम तरेकेला मेन रोड स्थित सेमर पेड़ से बाइक के टकरा जाने से युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 18 मई की सुबह लगभग सुबह 10.30 बजे निर्मल सिदार अपने साथियों के साथ अपनी मोटर सायकल स्प्लेंडर प्रो सीजी 06 जी 3267 में बैठकर पिरदा गया हुआ था, वापसी के दौरान लगभग 4 बजे ग्राम तरेकेला मोड़ के पास उसकी बाइक सेमर पेड़ से टकरा गई। घटना में निर्मल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे उसके साथियों को भी चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर धारा 281,125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सरगी नदी में अवैध रेत उत्खनन, खनिज विभाग ने मारे छापे, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर

फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत बहने वाली सरगी नदी के तटों पर लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन के खेल पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चला है। जिला कलेक्टर भगवान दास उइके के सख्त निर्देश के बाद हरकत में आए खनिज विभाग ने मंगलवार को सरगी नदी तट के खुटेरी, सिर्रीखुर्द और रोहिना घाट सीमा क्षेत्र में औचक छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों जब्त किया है, जिन्हें फिंगेश्वर थाना की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। वहीं, कार्रवाई की भनक लगते ही बाकी ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकले। स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के मुताबिक, कथित ठेकेदार और उसके गुर्गे शासन के नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। आरोप है कि यहां प्रति ट्रैक्टर 200 रुपये की अवैध वसूली कर दिनदहाड़े सैकड़ों ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सरकारी सड़क निर्माण और पीएम आवास जैसे कार्यों की आड़ लेकर सरगी नदी से बड़े पैमाने पर रेत निकाली ▶▶|शेष पेज 10 पर



## विधायक ने डायल 112 सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# डायल 112 सेवा आम जनता के लिए संकट मोचन : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार दोपहर लगभग 11 बजे नगर के पंडित सुन्दरलाल शर्मा चौक बस स्टैंड परिसर में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने डायल 112 सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, कलेक्टर बीएस उइके, एसपी नीरज चंद्राकर, डीएसपी निशा सिन्हा सहित गरियाबंद पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि डायल 112 सेवा आम जनता के लिए किसी संकट मोचन से कम नहीं है और यह सेवा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक ▶▶|शेष पेज 10 पर








### डायल-112 : अब मदद पहुंचेगी तुरंत : एसपी

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए गरियाबंद जिले के एसपी नीरज चंद्राकर ने कहा कि जिले के 8 थानो राजिम, गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर, पांडुका, अमलीपदर और देवभोग के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने अत्याधुनिक डायल-112 वाहन उपलब्ध कराए हैं। एसपी श्री चंद्राकर ने डायल 112 सेवा की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा चौबीसों घंटे आम जनता की सुरक्षा के लिए कार्य करेगी।इस गरिमामय कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं राजिम टीआई अमृत लाल साहू सहित राजिम थाना का पूरा स्टॉप मौजूद रहा।

# आज दवा दुकानों की बंदी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई को देशभर में प्रस्तावित दवा दुकानों की बंदी का असर गरियाबंद जिले में भी देखने को मिलेगा। संगठन के मुताबिक इस आंदोलन में देशभर के करीब 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट और औषधि वितरक शामिल हो रहे हैं। बंद को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आम नागरिकों, विशेषकर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए जरूरी एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, गरियाबंद ने मधुमेह, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर, मिर्गी समेत अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों से अपील की है कि वे नियमित उपयोग की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक पहले से सुरक्षित कर लें, ताकि बंद के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभाग ने बच्चों की दवाइयों, मौसमी बीमारियों में उपयोग होने वाली दवाओं और जीवनरक्षक औषधियों को भी पहले से उपलब्ध रखने की ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### एयरफोर्स जवान राजेश खेतों में बंटा रहे माता-पिता का हाथ

**राजिम।** देश की सुरक्षा में अहम जिम्मेदारी निभा रहे ग्राम मुड़तराई निवासी राजेश वर्मा इन दिनों अपने गृहग्राम पहुंचे हुए हैं। वर्ष 2010 में भारतीय वायुसेना में सेवाएं शुरू करने वाले राजेश वर्मा वर्तमान में एयरफोर्स स्टेशन पुणे में पदस्थ हैं। राजेश वर्मा पिता रवि वर्मा एवं माता श्रीमती जमुना बाई वर्मा के सुपुत्र हैं। देश की सीमाओं और आसमान की सुरक्षा में अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले राजेश वर्मा कई महत्वपूर्ण अभियानों का हिस्सा रह चुके हैं। वे चर्चित ऑपरेशन सिंदूर तथा पठानकोट एयरबेस हमला के दौरान चलाए गए सुरक्षा एवं ऑपरेशन टीम में भी शामिल रहे, जहां उन्होंने अपनी सेवाएं देकर कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय दिया। देशसेवा की बड़ी जिम्मेदारियों के बीच भी राजेश वर्मा अपनी मिट्टी और गांव से जुड़ाव को नहीं भूले हैं। इन दिनों गांव में धान की कटाई-मिंजाई का कार्य चल रहा है। ऐसे समय में वे खेतों में पहुंचकर माता-पिता का हाथ बंटा रहे हैं। धान की मिंजाई और बीड़ा की ढुलाई जैसे कार्यों में वे पूरे अपनत्व और मेहनत के साथ जुटे नजर आ रहे हैं। परिजनों का कहना है कि ऊंचे पद और बड़ी जिम्मेदारियों के बावजूद राजेश वर्मा का स्वभाव आज भी बेहद सरल और जमीन से जुड़ा हुआ है। गांव के युवाओं के लिए वे प्रेरणा बन गए हैं कि देशसेवा के साथ-साथ अपनी संस्कृति, गांव और खेती-किसानी से जुड़ाव बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि अपनी मिट्टी और परिवार से प्रेम ही व्यक्ति की असली पहचान होती है। राजेश वर्मा ने यह साबित कर दिया कि चाहे इंसान कितनी भी ऊंचाई क्यों न हासिल कर ले, अपनी जन्मभूमि और खेती-किसानी से जुड़ाव कभी खत्म नहीं होना चाहिए।

### डीडी नगर में अघोषित बिजली बंद, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि डीडी नगर क्षेत्र में अघोषित बिजली बंद की शिकायत और हर बार 33 केवी बंद है, का बहाना विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। बिजली को लेकर आम जनता तकलीफ झेल रही है। आये दिन लो वोल्टेज एवं एक फेस गोल होना आम बात हो गयी है। मामले को लेकर विद्युत विभाग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया।
उन्होंने कहा, वार्ड के जर्जर तारों और ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस के काम का हमेशा बहाना किया जाता है, जबकि इसे युद्धस्तर पर दुरुस्त किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, बिजली विभाग मुख्यमंत्री का विभाग है, लेकिन सबसे ज्यादा अव्यवस्था देखने और सुनने को मिल रही है। विभाग द्वारा जारी कस्टमर केयर का नंबर हमेशा व्यस्त रहता है।

**पहल : गरीब और पात्र परिवार शासन की योजनाओं से न रहें वंचित : रोहित साहू**

# नगरीय निकायों में शुरू होगा महा सर्वे, वर्षों से काबिज पात्र परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप गरियाबंद जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में निवासरत गरीब और भूमिहीन परिवारों को उनका हक दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने आवश्यक पहल की सराहना की है। शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ विधायक साहू ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि शासन की मंशा बेहद स्पष्ट है कि कोई भी गरीब, श्रमिक और वास्तविक रूप से पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए सभी नगरीय निकायों में नगर के सभी वार्डों में एक व्यापक और पारदर्शी सर्वे अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत पात्र परिवारों को नियमानुसार स्थायी पट्टा प्रदान किया जाएगा। विधायक रोहित साहू ने योजना की तकनीकी बारीकियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा आवासहीन व्यक्ति पट्टा अधिकार अधिनियम 2023 एवं इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार ही नगरीय क्षेत्रों में निवासरत पात्र परिवारों को स्थायी पट्टा देने की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे का कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए ताकि वास्तविक रूप से जरूरतमंद और गरीब परिवारों को इस योजना का सीधा लाभ मिल सके।



**क्या हैं पात्रता की शर्तें और नियम ?-** शासन के नियमानुसार, स्थायी पट्टा केवल उन्हीं हितग्राहियों को आवंटित किया जाएगा जो पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हों। इसके लिए नगर पालिका क्षेत्र में 600 वर्गफीट तथा अन्य निकाय क्षेत्रों में 800 वर्गफीट शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 के पूर्व से निवासरत परिवार इस योजना के लिए पात्र माने जाएंगे।

**वैध दस्तावेज मिलने से समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे गरीब-** रोहित साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी सरकार गरीब, श्रमिक, किसान और हर जरूरतमंद वर्ग के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह पट्टा वितरण योजना भी इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर के कई परिवार ऐसे हैं जो पीढ़ियों या वर्षों से शासकीय भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। लेकिन वैध दस्तावेज अर्थात पट्टा न होने के कारण उन्हें न तो प्रधानमंत्री आवास मिल पा रहा है न बैंकों से लोन मिल पाता है और न ही वे अन्य सरकारी विकास योजनाओं का लाभ ले पाते हैं। अब शासन उन्हें नियमानुसार पट्टा सौंपकर न सिर्फ उनका मालिकाना हक तय करेगा बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से भी जोड़ेगा। विधायक रोहित साहू के इस कड़े रुख और जनहितैषी पहल से नगर के हजारों जरूरतमंद परिवारों में खुशी की लहर है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से असंख्य परिवारों को सिर छिपाने के लिए स्थायी जमीन की सुरक्षा मिलेगी और उनका सामाजिक और आर्थिक जीवन स्तर भी सुदृढ़ होगा।

### वार्डों में घर-घर जाकर सर्वे करेगी टीम विधायक ने की सहयोग की अपील



विधायक रोहित साहू ने नगर पालिका/नगर पंचायत प्रशासन को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि सभी नगरीय निकायों के सभी 15 वार्डों में घर-घर जाकर सर्वे किया जाए और बिना किसी भेदभाव के पात्र हितग्राहियों की एक प्रमाणिक सूची तैयार की जाए। इसके साथ ही उन्होंने आम नागरिकों और वार्ड वासियों से भी एक विशेष अपील की है कि जब सर्वे टीम आपके घर पहुँचे तो उन्हें पूरी और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवश्यक आवेदन और दस्तावेज निकाय कार्यालय में प्रस्तुत करें।साथ ही वार्ड पार्षदो को भी पत्र भेजकर सहयोग करने अपील किया गया है।

## रोहित साहू ने राशन वितरण में गड़बड़ी पर खाद्य निरीक्षक को लगाई फटकार

**सुरसाबांधा।** ग्राम भेंडरी में सोमवार को आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू एक बार फिर सख्त तेवर में नजर आए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता, हितग्राहियों को समय पर चावल नहीं मिलने तथा वितरण व्यवस्था में लापरवाही की शिकायत विधायक के समक्ष रखी। शिकायत मिलते ही विधायक ने मौके पर मौजूद खाद्य विभाग निरीक्षक सोनाली ठाकुर को जमकर फटकार लगाई और अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरण में लगातार गड़बड़ी होने से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई हितग्राहियों को समय पर चावल नहीं मिल पा रहा है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है। इस पर विधायक रोहित साहू ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गरीबों के अधिकारों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राशन वितरण कर रही समिति की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है। उन्होंने समिति को निरस्त करने की बात कहते हुए स्थानीय महिला समूह के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और हितग्राहियों को नियमित रूप से राशन उपलब्ध हो सके। सुशासन तिहार के दौरान विधायक के सख्त रवैये से अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति रही। वहीं ग्रामीणों ने विधायक द्वारा तत्काल कार्रवाई और व्यवस्था सुधार के आश्वासन पर संतोष जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था बेहतर होगी और जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सकेगा।



# ठहाकों के बीच रायपुर-राजिम रूट पर बुजुर्गों ने बिखेरे खुशियों के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महीने भर पहले राजिम-रायपुर की गीत संगीत से सजी ट्रेन यात्रा में मॉनिंग मस्ती ग्रुप के जो लोग भी नहीं जा पाए थे, उन सबकी मनुहार पर इस रविवार ओल्ड एज जनरेशन ग्रुप के जिंदादिल लोग इस बार फिर ट्रिप लेकर चल पड़े, ग्रुप के वरिष्ठ अशोक गंगवाल ने बताया कि यह दौर और भी मजेदार रहा, रायपुर जिला ग्रामीण संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक व इसके सूत्रधार प्रेम साधवानी ने बताया कि संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल के निदेर्शानुसार इस बार हमने जोरदार तैयारियां की थी और उनके काम में हाथ बंटाया था इशहाक ढेबर, दिलीप रावलानी और अजय अग्रवाल ने, हल्के फुल्के नाश्ते, कोल्डड्रिंक्स लेकर जब ये सभी युवा धडकन ट्रेन में चढ़े तो लगा कि जैसे खुशियों और ठहाकों का रेला ट्रेन में सफर पर निकला हो, और जैसे ही ट्रेन ने सिटी बजाई, गाड़ी बुला रही है, मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू, तेरे जैसा यार कहां जैसे गानों के साथ प्रेम साधवानी ने सबको ठुमके लगाने के लिए मजबूर कर दिए, न कजरे की धार अशोक गंगवाल जी के गाने और आज मौसम बड़ा बेईमान है, मै कहीं कवि न बन जाऊं जैसे रोमांटिक गाने सुनाकर ब्रह्मदत ने ट्रेन के मुसाफिरों को मानो किसी और ही दुनिया में पहुंचा दिया, साथ में सफर करने वाले लोगों के लिए ये एक यादगार अनुभव रहा और लोग इन अनमोल पलों को अपने सेल फोन में कैद करने लगे, दुर्ग तक जा रहे जनाब शमशुद्दीन ने ग्रुप के लोगों से कौतूहल से पूछा कि क्या आप लोग हर संडे को इसी तरह से मस्ती करते हुए ट्रेन में जाया करते हो, ग्रुप में व्यवृद्धता के क्रम में सबसे ऊपर ठाकुरदास सायरानी ने भावुक होकर साझा किया कि मेरी बोनस वाली जिन्दगी में इस ग्रुप के साथ जुड़ने से चार चांद लग गए हैं, सेठ गोपाल अग्रवाल ने बताया कि इस बार मैं सारे काम छोड़कर आया क्योंकि हँसी खुशी का यह मौका मै किसी भी हाल में छोड़ना नहीं चाहता था, मै तो अब चाहूंगा कि अगली बरसात में सावन में हम लोग अपनी लाइफ पार्टनर को भी इस शॉर्ट ट्रिप में लेकर आएं और उन्हें भी इस मजे का स्वाद चखावें, डॉक्टर के आर सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रोफेशन में भी बहुत स्ट्रेस है, और मैं फील गुड करने के लिए, खुद को रिचार्ज करने के लिए इस ग्रुप से जुड़ा हूं अपनी जिन्दंगी को जिंदादिली के साथ जीने वाले सामाजिक सरोकारों से जुड़े।





**तनाव भूलकर खुद को कर रहे रिचार्ज-** ब्रह्मदत्त शर्मा ने कहा कि जिसकी मस्ती जिन्दा है, उसकी हस्ती जिन्दा है, अगर ऐसा नहीं है तो समझो वो जबरदस्ती जिन्दा है, इस ग्रुप की मस्ती यात्रा के सहयात्री शिव भगवान शर्मा, तुकाराम कंसारी, कमलेश साहू, रिंकू पारख, रविकांत सेठ, अशोक सचदेव, कोमल गुनानी, नरेंद्र कांकरिया, दिलीप सचदेव, इंदर साधवानी, लखन खुराना,आशीष लाहोरी, मोंटू आयल सिंघानी, तिवारी बंधु और अन्य लोगों ने समवेत स्वरों में कहा कि हमारी ओल्ड एज जनरेशन नगर की हैप्पीनेस एम्बेसडर के रूप में अपनी नई पहचान बना रही है और हम सभी इस बात से बहुत खुश भी आ हैं, इस ग्रुप से मिलने और इनके साथ ठहाके लगाने के लिए नगर के लोग भी अब सुबह नियमित रूप से गार्डन आने लगे है, यह एक खुशनुमा बदलाव है, ग्रुप के सदस्यों ने नगरपालिका से अनुरोध किया है कि नेहरू बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण हेतु सार्थक प्रयास किए जाएं।

# कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने मंगलवार को मानवता और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश की। सुशासन तिहार कार्यक्रम से लौटते समय तीनों अधिकारियों ने सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों की मदद करते हुए उन्हें अपने शासकीय वाहन से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय रहते उपचार शुरू हो सका। जानकारी के अनुसार कलेक्टर बीएस उइके, एसपी नीरज चंद्राकर और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर थाना छुरा अंतर्गत ग्राम कंसिघी से सुशासन तिहार कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान छुरा रोड पर कचना धुरवा के पास सड़क किनारे गंभीर दुर्घटना में घायल दो व्यक्ति लहूलुहान हालत में पड़े मिले। मौके पर लोगों की भीड़ जुटी थी, लेकिन तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाई थी। घटना को देखते ही कलेक्टर और एसपी ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और स्वयं वाहन से उतरकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया। एंबुलेंस का इंतजार करने में समय गंवाने के बजाय तीनों अधिकारियों ने बिना किसी औपचारिकता की परवाह किए दोनों घायलों को अपने शासकीय वाहन में बैठाकर जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया।



**दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आने की अपील-** अस्पताल पहुंचने के बाद अधिकारियों ने चिकित्सकों को घायलों का तत्काल और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण दोनों घायलों की स्थिति अब नियंत्रण में है और उनका इलाज जारी है। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने आम लोगों से भी सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा, जिसे 'गोल्डन आवर' कहा जाता है, किसी भी घायल की जान बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में कानूनी प्रक्रिया के डर से पीछे न हटें, बल्कि घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। अधिकारियों ने बताया कि शासन की राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन (मददगार नागरिक) को 25 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। तीनों अधिकारियों की इस मानवीय पहल की जिलेभर में सराहना हो रही है।

## पेज 9 के शेष...

### खरीफ से पहले...

के उपयोग की सलाह दी है।
**जिले में 12,500 मीट्रिक टन खाद का भंडारण-** जिले में फिलहाल खाद का पर्याप्त भंडारण होने का दावा किया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार गरियाबंद जिले की 78 सहकारी समितियों में 12 हजार 500 मीट्रिक टन खाद संग्रहित किया गया है। वहीं जिला विपणन कार्यालय (डीएमओ) के डबल लॉक गोदाम में 4,200 मीट्रिक टन अतिरिक्त खाद सुरक्षित रखी गई है।
**वैश्विक संकट से प्रभावित हुआ आयात-** कृषि विभाग के अनुसार फास्फोरस आधारित खाद का बड़ा हिस्सा रूस और यूरोपीय देशों से आयात होता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और यूरोप में बने तनावपूर्ण हालात के कारण इस बार खाद आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसी स्थिति से निपटने के लिए विभाग किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी अपनाने की सलाह दे रहा है। समितियों में इन खादों का भी भंडारण किया गया है। प्रदेश में हर वर्ष खाद वितरण को लेकर किसानों की लंबी कतारें और शिकायतें सामने आती रही हैं। इस बार वैश्विक संकट और नई नीति ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। अब यह देखना होगा कि सरकार की नई व्यवस्था कालाबाजारी रोकने और जरूरतमंद किसानों तक खाद पहुंचाने में कितनी सफल होती है, या फिर इसका असर धान उत्पादन पर पड़ता है। फिलहाल गरियाबंद सहित पूरे प्रदेश के किसान खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ खाद वितरण व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं।

### गबन की राशि...

चंपारण) 30 हजार 700 रुपए, राधेश्याम लहरी (पूर्व सरपंच घुसेरा) 80 हजार रुपए, तुकाराम कारले (पूर्व सरपंच भोथीडीह) 2 लाख रुपए और सेवेंद्र तारक (पूर्व सरपंच तोरला) 1 लाख 56 हजार 915 रुपए शामिल हैं । एसडीएम अभनपुर ने बताया कि अगर संबंधित पूर्व सरपंच राशि जमा कर देते हैं तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा।

### कलेक्टर के आश्वासन...

द्वारा प्रस्तावित मांगों को कलेक्टर से सकारात्मक चर्चा एवं आश्वासन प्राप्त होने के पश्चात फिलहाल स्थगित किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया की कलेक्टर से मुलाकात के दौरान ग्राम इंदागांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालन, सड़क निर्माण, बैंकिंग सुविधा, उप तहसील संचालन एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल एवं आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

### सरगी नदी में...

जा रही है और रेत माफिया इसे मनमाने दामों पर बाजार में बेचकर चांदी काट रहे हैं।
**बरसात में भी नहीं थमा खेल, मूकदर्शक बना था प्रशासन-** ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यह अवैध कारोबार कोई नया नहीं है। बरसात के दिनों में भी जब नदी उफान पर होती है, तब भी लहरों को चीरकर बेखौफ होकर अवैध उत्खनन किया जाता रहा है। इससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने समय-समय पर संबंधित विभागों में शिकायतें भी दर्ज कराई थीं, लेकिन लंबे समय तक कार्रवाई न होने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे थे और माफिया के हौसले बुलंद थे।
**आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई-** इस बड़ी कार्रवाई को लेकर जिला खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर और खनिज निरीक्षक कोमल ध्रुव ने स्पष्ट किया है कि जब्त वाहनों के संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, नदियों के वजूद को बचाने और अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय उड़नदस्ता और जिला स्तरीय जांच दल लगातार निगरानी कर रहे हैं। भविष्य में भी ऐसी अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**अवैध काम बर्दाश्त नहीं, होगी कठोर कार्रवाई : विधायक-** इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने भी अवैध उत्खननकर्ताओं के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। विधायक ने साफ लहजे में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या माफिया राज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पूरी मुस्तैदी से काम करें और रेत के इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### डायल 112 सेवा आम...

मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में त्वरित पुलिस सहायता की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। ऐसे समय में डायल 112 सेवा लोगों के लिए सुरक्षा कवच बनकर सामने आई है। कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, विवाद, अपराध या आपात स्थिति में यदि कोई व्यक्ति डायल 112 पर मिस कॉल या सूचना देता है तो कुछ ही मिनटों में पुलिस सहायता वाहन घटना स्थल पर पहुंच जाएगा। इससे लोगों को तत्काल राहत मिलेगी और अपराधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।
**जनता की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सौगात-** पूर्व सांसद एवं राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि घटना-दुर्घटनाएं कभी बताकर नहीं आती। इसी सोच के साथ राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए चार सौ डायल-112 वाहन उपलब्ध कराए हैं, जिनमें गरियाबंद जिले को भी आठ गाड़ियां मिली हैं। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटनाओं से बचने और सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि यह सरकार की ओर से जनता की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इसे आम जनता के लिए राहत और सुरक्षा का बड़ा कदम बताया। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि पहले किसी घटना या समस्या के समय पुलिस के पास एक वाहन हुआ करती थी जो देर से पहुंच पाती थी, लेकिन अब आधुनिक तकनीक से लैस डायल-112 सेवा तुरंत सहायता पहुंचाने का काम करेगी।

### आज दवा दुकानों...

सलाह दी है। आपात स्थिति में मरीज नजदीकी अस्पताल, जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिले के सभी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों और श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स को 20 मई को 24 घंटे खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को दवाइयों की कमी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा अपोलो फार्मेसी और कुछ श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स बंद में शामिल नहीं होंगे। जरूरतमंद लोग वहां से भी दवाइयां खरीद सकेंगे। **दवा विक्रेता संघ से शांतिपूर्ण बंद की अपील-** यदि किसी भी व्यक्ति को आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता में समस्या आती है, तो वह खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 93405-97097 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने जिला दवा विक्रेता संघ से अपील की है कि बंद को शांतिपूर्ण और वैधानिक तरीके से संपन्न कराया जाए। साथ ही जीवनरक्षक दवाओं की आपूर्ति बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखने और अफवाहों से बचने की भी अपील की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी परेशानी से बचने के लिए अपनी जरूरत की दवाइयों की व्यवस्था पहले ही कर लें।

**खबर संक्षेप**



## 4 दिनों के भीतर दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**फिंगेश्वर।** प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दूसरी बार वृद्धि होने से आम लोगो के माथे पर चिंता की लकीरे खींच रही है।लोगो को डर है कि इनके रेट बढ़ने से खाद्य पदार्थ सहित भाड़े मे वृद्धि होना लाजमी है जिससे महंगाई के स्तर मे बढ़ोत्तरी होगी और जेब से अधिक मात्र मे रूप्या बाहर जाने लगेगा। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं,जिससे परिवहन से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक महंगाई का असर दिखाई देने लगा है। प्रदेश मे कई जिलो के कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली और अफवाहों के चलते कई जगह लंबी कतारें भी लग गई थीं। जानकारी के मुताबिक तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 90- 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इससे पहले 15 मई को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 3-3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। यानी केवल चार दिनों के भीतर दूसरी बार कीमतें बढ़ने से आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ने वाला है। कीमत बढ़ने की खबर के बाद कई जगह लोगों ने जरूरत से ज्यादा पेट्रोल–डीजल भरवाना शुरू कर दिया था।कुछ पेट्रोल पंपों पर सप्लाई प्रभावित होने और पंप बंद होने जैसी स्थिति भी बनी,जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सिंध समाज के प्रतिभाओं का सम्मान



**नवापारा-राजिम।** नगर की सामाजिक संस्था स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सिध समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्था की ओर से दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले अमन छाबड़ा एवं तिशा ऐशानी का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर परी गनवानी, डिंपी रावलानी एवं युक्ति साधवानी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक पूजा सायरानी ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनता है और अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में योगिता सिन्हा एवं हर्षा कंसारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 'डर्मोस्कोपी की संभावनाओं को समझना' विषय पर एम्स में सीएमई

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के त्वचा रोग विभाग द्वारा इंडियन एसोशिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजी वेनरोलॉजिस्ट एंड लेपरोलॉजिस्ट छत्तीसगढ़ था डर्मेटोस्कोपी सोसायटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 17 मई को "डर्मोस्कोपी की संभावनाओं को समझना" विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से 70 से अधिक त्वचा रोग विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक त्वचा रोग आयोजनों में शामिल हो गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अशोक जिंदल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**समस्या : 40-50 किमी दूर से डीजल लेने पंप आने को मजबूर हैं वनांचल के किसान**

# डिब्बे-जेरीकैन में डीजल बंद होने से चरमराई खेती, पंपों पर ट्रैक्टरों की आधा किमी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

डिब्बा में डीजल देना बंद हुआ तो ट्रैक्टरों की लंबी कतारें नजर आने लगी। सड़कों पर कृषि कार्य के लिए ग्रामीण इलाके में किसान हित में गाइड लाइन जारी करने की मांग उठी। डीजल को लेकर ड्राई की स्थिति लगभग खत्म हो चुकी है, तेल मिलने लगा है पर डिब्बों जर्किन में ले जाने की पाबंदी हुई तो कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टरों की लंबी कतार पंप के बाहर सड़कों में नजर आने लगा है यह नजारा मैनपुर देवभोग अमलीपदर के पेट्रोल पंप में देखने को मिला।जुलाई के पहले सप्ताह में कृषि कार्य में तेजी आ जाएगी उससे पहले किसान खेतों में जुताई कराने जुटे हैं। मजदूरी और पारंपरिक हल से जुताई की परिपाटी खत्म हो गई है।ऐसे में जुताई के लिए किसान ट्रैक्टरों पर निर्भर हैं।चूंकि गरियाबंद जिला प्रशाशन ने डब्बे ओर जर्किन में तेल के लिए मनाही का आदेश जारी किया है ऐसे में प्रत्येक ट्रैक्टर को पंप में आकर डीजल डलवाना पड़ रहा है दोपहर तेज धूप मे ट्रैक्टरों की आधा किमी दूरी तक कतार लगी थी जो देर रात जारी रही।

ट्रैक्टर और मशीन से काम कराना अब 1500 रूपये प्रति घंटा कर दिया गया है यही पहले 1000 से 1200 रूप तक था। वाहन एवं मशीन संचालक उद्धव नागेश, बनबिहारी, घांसीराम ने बताया कि दोपहर बाद का पूरा समय अब डीजल डलवाने में लग रहा। कार्यस्थल से पंप तक सफर तय करने में 1 हजार से ज्यादा के डीजल लग जा रहे जिसका भुगतान किसान नहीं करता।पहले दो ट्रैक्टर मिल कर दिन भर में 5 से 7 एकड़ की जुताई कर लेते थे अब पंप के लिए फेरा बढ़ने से काम का दायरा आधा हो गया है।डीजल क्राइसेस के बाद कई छोटे किसानों ने जुताई की तारीख आगे बढ़वा दिया।उन्हें स्थिति समान्य होने का इंतजार है।



### किसान हित में भी गाइडलाइन जारी करने की मांग उठी

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा अब तक प्रशासन ने जितने भी गाइड लाइन जारी किए उससे सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हुआ है। खरीफ सीजन की तैयारी जोरो पर है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशाशन को किसान हित में उन्हें राहत दिलाने वाले गाइड लाइन जारी करना चाहिए।इस मांग का समर्थन भाजपा नेता देशबंधु नायक ने भी किया है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य प्रभावती न हो क्योंकि इस क्षेत्र में 95 फीसदी किसान खरीफ सीजन के भरोसे ही होते हैं। जल्द ही किसान हित में कोई ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए।

खाद–बीज भंडारण में लगे वाहनों को पेट्रोल डीजल की किल्लत का करना पड़ रहा है सामनाप्रदेश भर में पेट्रोल डीजल के गहराते संकट को देखते हुए राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर खाद बीज के भंडारण में लगे वाहनों को पेट्रोल डीजल की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। खरीफ फसल के पूर्व सभी सहकारी समितियों में खाद बीज का भंडारण किया जाना अनिवार्य किया गया है पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से परिवहन का कार्य अब ठप पड़ा है जिसकी वजह से दुकानों की मांग के अनुसार गांव की समितियों से बीज व खाद उपलब्ध नही।

### जरकीन में पेट्रोल ले जाना मजबूरी

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे पेट्रोल पंप की दूरी 40–50 किमी दूर होने के कारण और 1000 रूपये के डीजल देने के गाइड लाइन के कारण किसानो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है क्योकि किसान 1000 रूपये के डीजल के लिए 40–50 किमी दूर से ट्रेक्टर लेकर पेट्रोल पंप आना संभव नही है मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के तहसील मुख्यालय मैनपुर मे पेट्रोल है और कुचेंगा, भुतबेड़ा, कुल्हाड़ीघाट, इंदागांव, कोयबा की दूरी 40 से 50 किमी है ऐसे मे पेट्रोल पंप तक ट्रेक्टर लेकर आना संभव नही है इसलिए किसानो ने किसान हित मे डिब्बे मे डीजल देने की मांग किया है।

### जरूरत से ज्यादा स्टॉक कर रहे थे लोग

फूड इंस्पेक्टर केतन राणा ने कहा कि अफवाहों के चलते स्टॉक किया जा रहा था, पिछले दो दिनों में पंपों में खपत दुगुनी हो गई, जिसके देखते हुए डब्बा जरकिन में डीजल ले जाने पर प्रतिबद्ध लगाया गया। दो में से एक पंप में निजी कारणों से तेल का स्टॉक नहीं आया। दोनों पम्प में पर्याप्त मात्रा में आते ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

## विकास और रेत उत्खनन को लेकर विधायक और जिला पंचायत सदस्य में तीखी नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम भेंडरी में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब क्षेत्रीय समस्याओं और फंड को लेकर विधायक रोहित साहू एवं जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शिविर में आसपास के 15 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, आवास, सीमांकन, शिक्षा और पेयजल जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। शिविर में कुल 544 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव स्तर पर समस्याओं का समाधान करना है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। वहीं जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने क्षेत्र की अधूरी योजनाओं, पुल निर्माण, स्कूल मरम्मत और ग्रामीण सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई जरूरी कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं और क्षेत्र को पर्याप्त फंड नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान विधायक और जिला पंचायत सदस्य के बीच कुछ देर तक तीखी बहस का माहौल बना रहा। शिविर में राजस्व विभाग को 15 जून से पहले सीमांकन के सभी लंबित मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई और ग्राम स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया गया।

## पक्की सड़क से जुड़ेगा परेवापाली, 118 लाख की लागत से पीएमजीएसवाय बनाएगी 1.56 किमी लंबी सड़क





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक का परेवापाली गांव अब पक्की सड़कों से जुड़ेगा, सड़क निर्माण कार्य का जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप और सभापति देशबंधु नायक ने भूमिपूजन किया यह सड़क पीएमजीएसवाय द्वारा निर्माण कराया जाएगा। 118 लाख के लागत वाली सड़क 1.56 लंबी बनेगी जिसकी चौड़ाई 7 मीटर होगी कूल लंबई के बीच एक पूल भी बनेगा निर्माण कार्य के लिए विभाग ने मेसर्स गुलाब चंद फार्म से अनुबंध किया है। तय अनुबंध के मुताबिक कार्य नवम्बर माह में पूर्ण हो जाएगी आयोजन में विभाग के एसडीओ राहुल देव वर्मा और इंजिनियर सौरभ दास भी मौजूद थे।आयोजन में पहुंचे ग्रामीण निमाई चरण ,प्रवीण अवस्थी ,विद्याधर पात्र समेत मौजूद ग्रामीणों ने कार्य को लेकर हर्ष व्यक्त किया है।

**लंबे संघर्ष का परिणाम**– सेनमुडा पुल के अलावा आजादी के बाद से बगैर सड़क वाले परेवापाली में सड़क की सुविधा के लिए ग्रामीणों को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी थी बारिश के दिनों में गांव टापू में तब्दील हो जाता था 600 आबादी वाले इस गांव में सड़क सुविधा के अभाव के कारण एक तिहाई आबादी दूसरे गांव में जा बसा है दो बार इसके लिए ग्रामीणों ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। सड़क नहीं तो वोट नहीं का तख्ती लगाकर नेताओं को गांव में प्रतिबंध तक करने के फैसले पर ग्रामीणों को डटे देखा गया है भूमिपूजन के लिए पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर क"यप ने कहा कि सड़क मार्ग होते हुए गांव का सर्वांगीण विकास घर घर पहुंचेगा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने गांव की सुध लेकर काम की मंजूरी को प्राथमिकता में रखा था अब विकास होगा।

## व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा के नवाचार को केंद्रीय मिशन निदेशक ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



गांव में जल संरक्षण करने 8 स्कूली बच्चों ने जल प्रतिज्ञा का अभियान चलाया था, फिर 7 गांव के लोग जुड़े अब 5 से ज्यादा जिले में अभियान शुरू हुआ। नवाचार में जुटी शिक्षिका की इस मुहिम को बढ़ावा देने केन्द्रीय मिशन निदेशक पहुंच राष्ट्रीय पहचान दे दिया। नवाचार के लिए अपनी अलग पहचान बना चुकी फिंगेश्वर ब्लॉक के कौंदकेरा हायर सेकेंडरी स्कूल ने छोटे- छोटे उपाय से जल बचाने जल प्रतिज्ञा अभियान शुरू किया। व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने 8 छात्रों के साथ, छात्रों को निवासरत वार्डो में इस मुहिम की शुरुआत किया फिर 30 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट में कलेक्टर भगवान सिंह उईके व अन्य अफसरों ने अभियान को गति देने 800 लोगों को जल प्रतिज्ञा कराई। प्रतिज्ञा का तहत जल का विवेक पूर्ण उपयोग और अनावश्य बर्बादी नहीं करने का शपथ पत्र भराया गया। इसके तहत बर्बादी रोकने और सीमित उपयोग से रोजाना 10 से 12 लीटर जल बचत करने का उपाय बता कर प्रत्येश शपथ करता एक व्यक्ति को प्रेरित करने अनिवार्यता किया गया। अभियान में लोग जुड़ते गए। अभियान की जानकारी केंद्र तक पहुंची। अभियान की सराहना करते हुए उससे जुड़े शिक्षिका मीनाक्षी शर्मा, सतीश मालवीय, डामिनशाव समेत 10 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। गांव की संख्या की बढ़ी, अन्य जिलों में भी फैल रहा अभियान कौंदकेरा से उठी जल प्रतिज्ञा आसपास के गांव में पहुंच चुकी है। बेलटुकरी, रोहिना, भैंसातरा, सेमराडीह, टेका, भेडरी, कोपरा में भी स्कूली बच्चे जल प्रतिज्ञा अभियान को आगे बढ़ा कर अभियान को गति दे रहे हैं। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने वाली मीनाक्षी ने इसका प्रचार सोशल मीडिया में भी किया, जिसके चलते यह अभियान महासमुंद, आरंग, अभनपुर, सरगुजा, बीजापुर जैसे जिले में भी दिखने लगी है। आयोजन के बाद वहां से मीनाक्षी के पास तस्वीर भी भेजी जा रही है।

**जल संकट से पहले निपटने के उपाय जरूरी–** मीनाक्षी शर्मा जिले के जिस राजिम इलाके में रहती है वहां भूमिगत जल स्त्रोत तेजी से नीचे जा रहा है।दैनिक उपयोग में जल का उचित प्रबन्धन कर ,उसका सदुपयोग कर छोटे छोटे उपाये से एक व्यक्ति रोजाना 10 से 12 लीटर जल की बर्बादी रोक सकता है।मीनाक्षी ने कहा कि आने वाले दिनों में जल संकट की स्थिति निर्मित होगी,अभी से हम अपने उपयोग को सीमित करने और बर्बादी रोकने का आदत डाले तो हमें आगे ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।इसी उद्देश्य से इस अभियान को चलाया जा रहा है।जिसमें जिला प्रशासन,स्थानीय निकाय और समस्त जागरूक लोगों का सहयोग मिल रहा है।

## 650 रसोइयों को मिला फोर्टिफाइड चावल और स्वच्छता का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइयों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में नवापारा शहर सहित विकासखण्ड के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 650 रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से सीधे जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने फोर्टिफाइड चावल के महत्व, उपयोगिता एवं उसके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करने में सहायक है। रसोइयों से भोजन बनाते समय स्वच्छता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार साहू ने रसोइयों को भोजन निर्माण में व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोईघर की साफ-सफाई, संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार की आवश्यकता, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य जानकी साहू द्वारा स्वच्छता के साथ सही मन से भोजन बनाने एवं परोसने पर जोर दिया। मास्टर ट्रेनर बसंत दीवान, हेमंत साहू, टिकेंद्र साहू, सोमा बनिक , शशिकिरण साहू द्वारा प्रशिक्षण को व्यवहारिक स्वरूप देते हुए रसोइयों को फोटीर्फाइड चावल के महत्व, उपयोगिता, फोर्टिफाइड चावल को बनाने की सही विधि, रसोईघर की स्वच्छता, गैस एवं अन्य ईंधन के सुरक्षित उपयोग तथा भोजन वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को पीपीटी एवं वीडीयो के माध्यम से समुचित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र को संवादात्मक बनाते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

### आवास निर्माण में तेजी लाने और मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता के निर्देश



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे के गजभिये ने बैठक लेकर जनपद पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का समीक्षा किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ मनरेंगा एवं स्वच्छ भारत मिशन अभियान व अन्य निर्माण कार्यों में पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कार्यालय मैनपुर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक उप संचालक पंचायत गरियाबंद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर , अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण,जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन,अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तकनीकी सहायक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा, विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण बैठक में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### शेर में दुर्गा चालीसा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मां दुर्गा चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 21 मई 2026 को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राम बरोंडाबाजार में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशि अतुलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी। इनमें विजय क्लियरिंग एजेंसी, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी, आईटीएम एजुटेक इंडिया लिमिटेड तथा एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कुल 276 रिक्त पद उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हों। रोजगार मेले में साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ रोजगार एप अथवा रोजगार विभाग की वेबसाइट https:// erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### मुकाबले में बलराज की टीम का जलवा

**पिथौरा।** पीसीए (पिथौरा क्रिकेट एकेडमी) के तत्वावधान में आयोजित संगम क्रिकेट लीग के अंतर्गत पत्रकारों के बीच खेले गए मैत्री क्रिकेट मुकाबले में रोमांच, जोश और खेल भावना का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बतौर अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा, जाकिर कुरैशी, पवन गुप्ता, ऋषिकेश शुक्ला एवं पीसीए के संयोजक मनमीत छाबड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस प्रक्रिया संपन्न कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है। आज सभी पत्रकार क्रिकेट मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ पत्रकार मंच से आयोजन की गरिमा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों के बीच आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते है। मुकाबले में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की कप्तानी बलराज नायडू ने संभाली, जबकि श्रमजीवी पत्रकार संघ की कमान स्वप्निल तिवारी के हाथों में रही। दोनों कप्तानों के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।




**शिविर : कलेक्टर ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश**

# कनसिंघी के सुशासन शिविर में पांच गांवों के 166 किसानों को दिया पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/रसेला

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्रदेशभर में आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज छुरा विकासखण्ड के ग्राम कनसिंघी के धान उपार्जन केंद्र में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन किया गया। जिसमें 15 गाँवों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएँ, शिकायतें और मांगें ध्यानपूर्वक सुनी गईं। प्रत्येक विभागीय टीम ने मौके पर ही प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर त्वरित निराकरण का प्रयास किया। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रमुख योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ग्रामीणजनों को इनका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य लेखराज धुर्वा, शिवांगी चतुर्वेदी, राजेश साहू ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कनसिंघी में आयोजित यह शिविर प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण किया जाए और लंबित न रखा जाए।



**जनप्रतिनिधियों ने स्टालों का किया अवलोकन**

शिविर में कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें स्वामित्व योजना के तहत 05 गॉवों के 166 किसानों को पट्टा प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। मनरेगा के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को जॉब कार्ड किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को ट्रायसायकल, 3 को छड़ी, 1 को व्हीलचेयर, 2 को वॉकर वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को बीज तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा 4 हितग्राहियों को केसीसी कार्ड प्रदान किए गए। साथ ही दसवीं एवं बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेसियों ने पेट्रोल पंप के सामने किया उग्र प्रदर्शन

**केंद्र के खिलाफ नारेबाजी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/पाण्डुका

ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के निर्देशानुसार पाण्डुका मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल संकट और लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में पाण्डुका स्थित पेट्रोल पंपों के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़े हुए दामों को वापस लेने और आम जनता को राहत देने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और आपूर्ति संकट के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई ने आमजन की कमर तोड़ दी है, जिससे हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस ने सरकार से मांग की कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तत्काल कमी की जाए और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाया जाए।

प्रदर्शन में पाण्डुका मंडल अध्यक्ष विक्रमादित्य साहू, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव सतीश चौरे एवं गजेन्द्र साहू, ब्लाक महामंत्री महेंद्र साहू, सेक्टर अध्यक्ष जित्तू साहू और बलराम साहू, बूथ अध्यक्ष कृष्णकुमार साहू, पापु तारक एवं शेषनारायण साहू सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेट्रोल-डीजल संकट दूर नहीं किया गया और कीमतों में राहत नहीं दी गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सुशासन तिहार में फूटा ग्रामीणों का दर्द, वर्षों से लंबित समस्याओं को लेकर सौंपे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम भेंडरी में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित मामलों एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। एक आवेदन में ग्रामीण मोतीलाल साहू ने बताया कि उन्होंने एक कंपनी में जमा किए गए ओरिजिनल दस्तावेज एवं जमा राशि वापस नहीं मिलने की शिकायत प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में पंचायत सचिव के माध्यम से दस्तावेज



जमा किए गए थे, लेकिन अब तक किसी प्रकार की जानकारी या राशि वापस नहीं मिली है। मामले में उचित कार्रवाई एवं दस्तावेज वापस दिलाने की मांग की गई। वहीं दूसरे आवेदन में ग्रामीणों ने गांव के रास्ते पर अवैध कब्जा हटाने की मांग उठाई। आवेदन में बताया गया कि सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी आवेदन दिए जाने की बात कही गई, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। सुशासन तिहार में पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, फिंगेश्वर प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं ने सांसद चौधरी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी से मुलाकात कर उन्हे ज्ञापन सौंप समस्या समाधान करने की मांग किया है। भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर के पदाधिकारियों द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर महासमुंद के सांसद रूप कुमारी चौधरी के निवास बसना में मुलाकात कर विभिन्न आवश्यकताओ को अवगत कराते हुए मांग किया गया की मैनपुर खुर्द समिति के नवीन धान खरीदी केंद्र गौरघाट मंडी में किसानों की सुविधा के लिए धान बेचने के लिए पक्की शेड निर्माण एवं ग्राम जीड़ार में 200 मेट्रिक टन खाद गोदाम भवन की मांग एवं किसानों के सुविधा के लिए छायादार बैठक कुटीर बनाने



के लिए भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर के पदाधिकारियों द्वारा मांग रखा गया जिसमें किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दुलार सिन्हा, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिलीप कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मैनपुर के अध्यक्ष यमराज ओटी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवन नेताम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुहागा पांडे आदि उपस्थित थे।

**बच्चों के रचनात्मक गतिविधियों से निखारी प्रतिभा**

## समर कैम्प में बच्चों ने सीखे हुनर और संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शहर के कोचिंग सेंटर में आयोजित समर कैम्प बच्चों के लिए यादगार और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। पूरे कैम्प के दौरान बच्चों ने न सिर्फ नई-नई गतिविधियों में हिस्सा लिया, बल्कि खेल-खेल में शिक्षा, संस्कार और रचनात्मकता का भी बेहतरीन अनुभव हासिल किया। समर कैम्प में बच्चों को आउट बॉन्ड एक्टिविटी, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेपर आर्ट, एजुकेशनल गेम, एक्शन सॉन्ग, बबल राइटिंग, फेस पेंटिंग, कैलिग्राफी, प्लांटेशन, बेसिक फर्स्ट ऐड, फायरलेस कुकिंग और फैंसी ड्रेस जैसी कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हर गतिविधि में हिस्सा लिया।

कैम्प के दौरान बच्चों को सिर्फ पढ़ाई और मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कारों की सीख भी दी गई। बच्चों को बड़ों का सम्मान करना, माता-पिता का आदर करना, जरूरतमंदों की मदद करना और व्यक्तिगत साफ-सफाई बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।



**बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यावहारिक ज्ञान जरूरीः ज्योति सचिन**

मदर्स डे के अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए अपने हाथों से सुंदर कार्ड तैयार किए, जिसने पूरे कार्यक्रम को भावुक और खास बना दिया। बच्चों की रचनात्मकता और मासूमियत ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बच्चों को स्वल्पाहार और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षिका ज्योति सचिन ने कहा कि समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाना और उन्हें संस्कारों के साथ आत्मविश्वासी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को किताबों के साथ व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देना भी बेहद जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि बच्चों ने जिस उत्साह और लगन के साथ हर गतिविधि में हिस्सा लिया, वह बेहद प्रेरणादायक रहा। ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## किशोरियों को लग रहा कैंसर से बचाव का टीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों एचपीव्ही वैक्शीन सुरक्षा कवच कैंसर से बचाव के लिए 14 और 15 वर्ष के किशोरियों को लगाय जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में मितानिन एवं एमटी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किशोरियों को इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है।

